अमर उजाला
amarujala.com
नई दिल्ली | मंगलवार, 21 मई 2019

11 और मेट्रो स्टेशनों के नाम कंपनियों के नाम से जुड़ेंगे

नोएडा। एक्वा लाइन पर नोएडा से ग्रेटर नोएडा के बीच 11 अन्य मेट्रो स्टेशनों के नाम सरकारी और निजी कंपनियों के नाम पर रखे जाएंगे। हालांकि इसके लिए कंपनियों को एनएमआरसी के पास आवेदन करना होगा और बोली के आधार पर एनएमआरसी किसी भी कंपनी को यह अधिकार देगा। इसके लिए 24 मई को बैठक का भी आयोजन किया जाएगा।

एनएमआरसी ने 33 सरकारी और निजी कंपनियों को लिखा पत्र

इस बाबत एनएमआरसी ने 33 सरकारी और निजी कंपनियों को पत्र लिखकर आवेदन मांगे हैं। इसमें नोएडा सेक्टर-76, 101, 81, एनएसईजेड, 83, 143, 144, 145, 146, 147 और डिपो स्टेशन शामिल हैं। इन स्टेशनों के नाम के आगे या पीछे अपनी कंपनी का नाम जुड़वाने के लिए बोली लगानी होगी और अधिक बोली लगाने वाले को यह अधिकार दे दिया जाएगा कि उक्त मेट्रो स्टेशन के नाम से कंपनी का नाम जोड़ दिया जाए। एनएमआरसी ने एनटीपीसी , ओएनजीसी, सेल, भेल, गेल, एनबीसीसी, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड, एमटीएनएल, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया समेत अन्य कंपनियों को पत्र लिखा है।